## एक नजर में

### अज्ञात पदार्थ के सेवन से नाबालिग की मौत

**रतलाम।** एक युवक की अज्ञात पदार्थ खाने से मौत हो गई। परिजनों को जानकारी मिलने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे लेकिन उसे बचा नहीं सके। डीडी नगर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी 16 वर्षीय शोएब ने अज्ञात पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे तत्काल जीएमसी रतलाम में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### सैलाना रोड पर सड़क हादसा, युवक की मौत

**रतलाम।** शहर से सैलाना जाने वाले रोड पर लगातार हादसे हो रहे हैं। अब फिर एक युवक की इस रोड पर हादसे के दौरान मौत हो गई। औद्योगिक थाना क्षेत्र में सैलाना रोड स्थित सिद्धि विनायक कॉलोनी के सामने रविवार रात करीब 8 बजे हुए सड़क हादसे में 30 वर्षीय देवराज राणा की मौत हो गई। हादसे की सूचना रमेश गिरवाल द्वारा पुलिस को दी गई। जांच उनि रायसिंह परमार कर रहे हैं।

### फोरलेन पर हादसा, वृद्ध महिला की मौत

**रतलाम।** फोरलेन पर लापरवाही से लगातार हादसे हो रहे हैं, इसके बवाजूद भी लोग लापरवाही कर रहे है और हादसे का शिकार हो रहे हैं। अब यह हादसा बिलपांक थाने के ग्राम धराड़ पर हुआ है। पुलिस के अनुसार बिलपांक थाना क्षेत्र में महू-नीमच फोरलेन पर ग्राम धराड़ के पास हुए सड़क हादसे में 70 वर्षीय झमकुबाई गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें इलाज के लिए जीएमसी रतलाम ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले की जांच उनि दीपक डामोर कर रहे हैं।

### पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत

**नामली।** तालाब में डुबने से एक बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामली थाना क्षेत्र के ग्राम मलवासा स्थित नयापुरा तालाब में 9 वर्षीय बालिका यशोदा की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। घटना दोपहर करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। मामले की जांच सउनि जुगलकिशोर रावत कर रहे हैं।

### करणी सेना व्यापार शक्ति के बंसल प्रदेश अध्यक्ष मनोनित



**ढोढर।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजपाल अम्मु की सहमति से करणी सेना मध्यप्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्रसिह डोडिया ने प्रदेश संगठन महामंत्री नरेन्द्रसिंह तोमर की अनुशंसा पर डॉ.जयदीप कुमार बंसल को प्रदेश अध्यक्ष (व्यापार शक्ति )मध्यप्रदेश के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर ईस्ट मित्रों ने बधाई दी।

### जैविक हाट बाजार में 84400 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों की हो गई बिक्री



**रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 7 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 60101 रुपये का विक्रय किया गया। दिलीप धाकड़ द्वारा शहद 4400 रुपये का, उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 1700 रुपये का, सुनील शर्मा (सादा खेड़ी) द्वारा गेहूं 15000 रुपये का, तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 850 रुपये का, भेरूलाल पाटीदार रोला द्वारा गेहूं, अजवाइन, चना एवं टीकमचंद जोगचंद (नामली) द्वारा जैविक खाद 2400 रुपये के उत्पाद विक्रय किए गए। जैविक हाट बाजार में कुल 84400 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का विक्रय हुआ।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया

**जावरा।** महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एजी पठान ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के दिशानिर्देशानुसार भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जावरा में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एजी पठान ने यह भी बताया कि यह पर्व एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति की जीवटता, भारतीय आस्था और सांस्कृतिक गौरव को नमन करना, भावी पीढ़ी तक भारतीय संस्कृति की निरंतरता का संदेश पहुंचाना और राष्ट के गौरवशाली इतिहास के प्रति युवाओं में स्वाभिमान जगाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें , कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक श्यामलाल चौधरी ने किया तथा आभार दिलीप सिंह पंवार द्वारा व्यक्त किया गया।

# डीजे विवाद ने छीनी शादी की खुशियां, एक की मौत

▶ ताल में हिंसा के बाद तीन बारातें बिना दुल्हन लौटीं, एसपी ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के ताल नगर में रविवार रात एक शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब डीजे बजाने को लेकर हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। इस घटना में 23 वर्षीय दिलीप माली की मौत हो गई, जबकि विनोद भोई और समरथ भोई सहित अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार स्वयं ताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार ताल नगर में एक ही परिवार की तीन बेटियों की शादी थी, जिसके चलते रूनीजा, बसाड़ और उणी से तीन अलग-अलग बारातें आईं थीं। रात करीब साढ़े 9 बजे बारातों के दौरान डीजे संचालकों के बीच प्रतिस्पर्धा को लेकर विवाद शुरू हो गया। माइक पर गाली-गलौज और एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश ने माहौल को तनावपूर्ण बना दिया।

बताया जा रहा है कि जब बारात धर्मशाला पहुंची और शादी की रस्में चल रही थीं, तभी डीजे संचालकों के बीच कहासुनी बढ़ गई। इस दौरान ताल निवासी दिलीप माली ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि मंदसौर निवासी डीजे संचालक लखन कुमावत ने उससे अभद्र व्यवहार करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इसके साथ ही अन्य आरोपियों ने भी लोहे के पाइप और डंडों से मारपीट की, जिससे दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत ताल अस्पताल पहुंचाया, जहां से दिलीप की हालत नाजुक होने पर उसे रतलाम रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है।



**एसपी ने स्थिति का लिया जायजा**

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार स्वयं ताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**▶ ग्रामीणों और परिजन ने थाने पहुंच सौंपा ज्ञापन**

घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीण ताल थाने पहुंचे और ज्ञापन पुलिस प्रशासन को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। समाजजनों ने पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दर्दनाक घटना का असर शादी समारोह पर भी पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि तीनों बेटियों की शादी की रस्में पूरी नहीं हो सकीं और तीनों बारातें बिना फेरे के ही लौट गईं। परिजनों के अनुसार विवाद एक ही डीजे पक्ष से जुड़ा था, जबकि अन्य बारातों का इस घटना से कोई संबंध नहीं था। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि दोषियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बहाल रह सके।





## विश्व धरोहर दिवस मनाया

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा रतलाम एवं इंदौर रेलवे स्टेशनों पर विश्व धरोहर दिवस (वर्ल्ड हेरिटेज डे) के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रतलाम एवं इंदौर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित हेरिटेज स्टीम लोको की विशेष साफ-सफाई की गई। साथ ही रतलाम स्थित हेरिटेज स्टीम लोको को तिरंगे रंगों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम रेलवे स्टेशन पर एक प्रभावशाली फॉगिंग एवं साउंड शो का आयोजन भी किया गया, जिसके माध्यम से दर्शकों को भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मंडल यांत्रिक अभियंता सहित यांत्रिक विभाग के पर्यवेक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज लोको के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों को धरोहर संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों एवं यात्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह आयोजन सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से अपनी समृद्ध विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति निरंतर प्रयासरत है।

## 14 पुलिसकर्मियों के तबादले, एसपी ने जारी किया आदेश

▶ पुलिस महकमे में प्रशासनिक कसावट की कोशिश

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुल 14 पुलिसकर्मियों का तबादला करते हुए उन्हें नई पदस्थापना दी गई है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

जारी सूची के मुताबिक, यातायात थाना में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक राहुल राठौर को आलोट, शैलेन्द्र सिंह को दीनदयाल नगर और जयंतीलाल को ताल थाने भेजा गया है। वहीं विजय झोलिया को माणकचौक, जबकि माणकचौक में पदस्थ सुधीर सिंह को रिंगनोद थाने में नई जिम्मेदारी दी गई है।

इसी तरह शिवगढ़ थाने से धीरेंद्र सिंह और शिवपाल सिंह को औद्योगिक क्षेत्र जावरा (ओ.डी. जावरा) स्थानांतरित किया गया है। रक्षित केंद्र रतलाम में पदस्थ कमल सिंह नावड़े को ताल, फिरोज मंसूरी को स्टेशन रोड और दशरथ पाटीदार को आलोट भेजा गया है। स्टेशन रोड से कृष्णपाल सिंह को भी आलोट थाने में पदस्थ किया गया है।

इसके अलावा डीडी नगर थाने से अर्चना वाघरी को रावटी, नामली से रामचंद्र धारोड़ को औद्योगिक क्षेत्र रतलाम (ओ.डी.) तथा ओ.डी. रतलाम से धीरज गावड़े को दीनदयाल नगर थाने में स्थानांतरित किया गया है।

एसपी ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे तत्काल अपनी वर्तमान पदस्थापना से कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें। आदेश आगामी निर्देश तक प्रभावशील रहेगा।

अचानक हुए इस फेरबदल को पुलिस व्यवस्था में कसावट लाने, क्षेत्रीय संतुलन बनाने और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## मंदिर के चबूतरे पर जुआ खेलते दो आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सालाखेड़ी में पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई शनिवार को की। पुलिस को सूचना मिली कि भैरुजी मंदिर के चबूतरे पर कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर चौकी सालाखेड़ी प्रभारी कार्यवाहक प्रधान आरक्षक अलेक्जेंडर राय द्वारा पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी कालूराम पिता तेजराम गरवार (35) और बाबूलाल पिता शोभाराम गामड़ (36), दोनों निवासी ग्राम सालाखेड़ी, को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 630 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

## महिला हत्याकांड में उम्रकैद, 5 वर्ष बाद आया फैसला

**रतलाम।** करीब पांच वर्ष पुराने सनसनीखेज महिला हत्याकांड में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास एवं 6000 के अर्थदंड से दंडित किया है।

मामला बिलपाक क्षेत्र के पास फोरलेन के नीचे महिला का शव फेंके जाने से जुड़ा है, जिसने उस समय पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। घटना 18 जून 2021 की रात की है। आरोपी सुरेश जाटव इंदौर से रतलाम की ओर ट्रक लेकर आ रहा था। इसी दौरान उसने एक महिला को अपने साथ बैठाया। रास्ते में आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। सबूत मिटाने के उद्देश्य से उसने शव को बिलपाक टोल नाके के आगे फोरलेन के नीचे अंधेरे में फेंक दिया। अगले दिन ग्रामीणों ने शव देख पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने टोल नाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें आरोपी और महिला साथ दिखाई दिए। इसके अलावा आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से भी महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले, जिससे घटना के समय उसकी लोकेशन और गतिविधियां स्पष्ट हुईं। इन तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। मामले में अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों के बयान और 77 दस्तावेज प्रस्तुत किए। विस्तृत सुनवाई के बाद तृतीय सत्र न्यायाधीश रतलाम ने आरोपी को हत्या (धारा 302) एवं साक्ष्य नष्ट करने (धारा 201) का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जबकि दुष्कर्म (धारा 376) के आरोप से बरी कर दिया। शासन की ओर से प्रभावी पैरवी अपर लोक अभियोजक सतीश त्रिपाठी द्वारा की गई।

## नरवाई जलाने पर रोक के लिए प्रशासन सख्त, किसानों को दे रहे विकल्प

▶ जागरूकता अभियान के तहत 300 बायो डीकंपोजर पैकेट वितरित



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में नरवाई जलाने से होने वाली आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देश पर कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को वैकल्पिक उपायों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

अभियान के तहत जिले में 300 'बायो डीकंपोजर' पैकेट किसानों को वितरित किए गए हैं, जिससे फसल अवशेषों को प्राकृतिक तरीके से खाद में बदला जा सके। साथ ही किसानों को व्यावहारिक जानकारी देने के लिए खेतों में कृषि यंत्रों के जीवंत प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। इसमें मल्चर, देशी पाटा और रिवर्सिबल प्लाऊ जैसे उपकरणों के उपयोग से नरवाई प्रबंधन के तरीके समझाए जा रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारी गांव-गांव पहुंचकर किसानों को नरवाई नहीं जलाने और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पलसोड़ा के किसान महेंद्र सिंह आंजना ने देशी पाटा का उपयोग कर 30 बीघा खेत में सफल नरवाई प्रबंधन कर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

नरवाई प्रबंधन से संबंधित जानकारी और सहायता के लिए कलेक्टर कार्यालय में कंट्रोल रूम (कक्ष क्रमांक 222) स्थापित किया गया है। किसान टोल फ्री नंबर 07412-299061 पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

उप संचालक कृषि आर.के. सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई जलाने के बजाय उसे खाद में परिवर्तित करें, जिससे मिट्टी की उर्वरता और जलधारण क्षमता बढ़े तथा पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिले।

## भीषण गर्मी के चलते स्कूलों में छुट्टी की मांग पूर्व विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों में छात्रों के लिए अवकाश घोषित करने की मांग उठने लगी है। पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत ने इस संबंध में कलेक्टर मिशा सिंह को पत्र लिखकर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में रतलाम जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच चुका है। ऐसी स्थिति में छात्रों के लिए विद्यालय में अध्ययन करना तथा घर से स्कूल तक आना-जाना काफी कठिन हो गया है। तेज गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। पूर्व विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि छोटे-छोटे बच्चों को इस भीषण गर्मी में स्कूल भेजना जोखिमपूर्ण साबित हो सकता है। लू एवं अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाए, ताकि बच्चों को राहत मिल सके।

## मोहनखेड़ा तीर्थ में सीएम यादव ने लिया आचार्य श्रीमद विजय नित्य सेन सूरीश्वरजी से आशीर्वाद

**रतलाम।** मोहन खेड़ा तीर्थ में रविवार को पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंत सेन सूरीश्वर जी मसा के पट्टधर आचार्य देवेश श्रीमद विजय नित्य सेन सूरीश्वर जी की निश्रा में भव्य पारणा महोत्सव मे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। आचार्य देवेश श्रीमद विजय नित्य सेन सूरीश्वर जी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुण्य सम्राट की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप भी उपस्थित रहे। वहां से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेंद्र सुरीश्वर जी म.सा. समाधि मंदिर एवं जिन मंदिर पर दर्शन वंदन का भी लाभ लिया।



## किसानों के साथ न्याय करे सरकार अन्यथा प्रदेश व्यापी आंदोलन : श्रोत्रिय



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भाजपा सरकार में किसानों की ऐसी स्थिति हो गई है जो की काफी दयनीय होकर चिंता जनक है। किसान अपनी फसल बोता है और यही सोचता है कि उसे अच्छा दाम मिले ताकि वह उसके परिवार का पालन पोषण कर सके और अपने देश में अन्न की व्यवस्था कर सके, लेकिन दुर्भाग्य है इस सरकार में किसानों की फसल का उचित दाम मिलना तो दूर किसान जब फसल बेचने के लिए जाता है तो उसके गेहूं को अमान्य बताकर रिजेक्ट कर दिया जाता है।

और तो और स्लॉट भी बुक नहीं हो रहे हैं, जो की काफी चिंताजनक है। कुछ किसान जो चर्चा कर लेते हैं अधिकारियों से उनके गेहूं तोले जा रहे हैं बाकी ऐसे अनेकों किसानों के गेहूं तोले ही नहीं जा रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरुण श्रोत्रिय एडवोकेट ने प्रदेश के राज्यपाल को पत्र लिखकर मांग की है कि अविलंब किसानों के गेहूं का तोल किया जाए ओर उचित भाव प्रदान किया जाए। सरकार गेहूं का सर्वे के स्थान पर सेटेलाइट ड्रोन सर्वे से पराली का सर्वे करवा रही है , जिसमें पूरी रिपोर्ट ही गलत प्रस्तुत की जा रही है जिस कारण पूरे प्रदेश में किसानों में असंतोष है । श्रोत्रिय ने बताया कि उन्होंने एक पत्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी भेजा है और शीघ्र ही क्रम बद्ध आंदोलन पूरे प्रदेश में किए जाएंगे जिसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

**एक नजर में** ▶ **आदिनाथ के दरबार में हुआ पारणा उत्सव संपन्न, लाभार्थी का किया बहुमान**

## अष्टापद जैन तीर्थ पर चढ़ाई ध्वजा, इक्षु रस से वर्षीतप तपस्वियों के कराए पारणे

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अक्षय तृतीया पर जावरा के समीप अष्टापद जैन तीर्थ पर संभावनाथ भगवान की ध्वजा विधि विधान के साथ साध्वी सुजेस्टा श्रीजी आदि ठाणा 2 की निश्रा में लाभार्थी सुशीला बाई कोलन परिवार द्वारा चढ़ाई गई।

इसके बाद वर्षीतप के आराधकों एवं श्राविकाओ का बैंड बाजों के साथ परिसर में चल समारोह निकाला गया, जो कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, वहां पर साध्वी सुजेस्टा श्रीजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहां कि भगवान आदिनाथ ने कठिन तपस्या की, जहां भी गोचरी के लिए जाते थे तो हीरे जेवरात लेकर उनके सामने लोग खड़े हो जाते थे। लेकिन वे उन्हें नहीं लेते थे और वापस चले जाते थे, जब राजा श्रेयांश ने अपने पुराने भव को पहचानते हुए उनके सामने ईशु रस के 108 लोटे भरकर उन्हें वेहराने के लिए उनके सामने ले आए तब आदिनाथ भगवान ने ईशु रस से पारणा किया। तब से ही यह परंपरा आज तक चली आ रही है। आज एक वर्ष की कठिन तपस्या कर श्रावक श्राविकाओं ने वर्षीतप की आराधना की है और रविवार को अष्टापद तीर्थ में आदिनाथ के दरबार में यह पारणा उत्सव हो रहा है।



**▶ 10 तपस्वियों का पारणा**

कार्यक्रम के दौरान सभी 10 तपस्वियों के पारणा कराने का लाभ ज्योति अरोड़ा जावरा ने लिया। वही ट्रस्ट मंडल द्वारा ध्वजा के लाभार्थी कोलन परिवार तथा पारणा के लाभार्थी ज्योति अरोड़ा का बहुमान हुआ। साध्वी सुजेस्टा श्रीजी को ट्रस्ट मंडल द्वारा कामली भी ओढाई गई। इस दौरान ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष जयंतीलाल दख, संरक्षक आजादसिंह ढढा, राजमल धारीवाल, डॉ सुरेश मेहता, कोषाध्यक्ष मनीष कोचर, सह कोषाध्यक्ष पंकज मेहता, कार्यकारिणी सदस्य सरदारमल चौरडिया, डॉ सुनील चोपड़ा एवं विपुल दख सहित आसपास के श्रीसंघ भी उपस्थित था।